नामांक Roll No.

No. of Questions – 28

No. of Printed Pages – 24

SS-30-Accountancy

लेखाशास्त्र (ACCOUNTANCY)

उच्च माध्यमिक परीक्षा, 2021

समय : 3¼ घण्टे

पूर्णांक : 80

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

GENERAL INSTRUCTIONS TO THE EXAMINEES :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

Candidate must write first his / her Roll No. on the question paper compulsorily.

(2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

All the questions are compulsory.

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

Write the answer to each question in the given answer-book only.

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

For questions having more than one part, the answers to those parts are to be written together in continuity.

(5) प्रश्न–पत्र के हिन्दी व अंग्रेजी रूपांतरण में किसी प्रकार की त्रुटि/अंतर/विरोधाभास होने पर हिन्दी भाषा के प्रश्न को ही सही मानें ।

If there is any error / difference / contradiction in Hindi & English versions of the question paper, the question of the Hindi version should be treated valid.

(6) (i) यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभक्त है – अ और ब ।

(ii) खण्ड 'अ' सभी छात्रों के लिए अनिवार्य है ।

(iii) खण्ड 'ब' के दो भाग हैं, प्रत्येक भाग में सात प्रश्न हैं । परीक्षार्थी को किसी एक भाग के सभी सातों प्रश्नों को हल करना है ।

(i) This question paper contains two Sections – A and B.

(ii) Section 'A' is compulsory for all candidates.

(iii) Section 'B' has two portions. Every portion has a set of seven questions. Candidate can attempt only a set of seven questions of any one portion.

(7)

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न
अ	1 (i to x)	1
	2-8	1
	9-15	2
	16-18	4
	19	5
	20-21	6
ब	22 - 24	1
	25	2
	26	4
	27	5
	28	6
	अथवा	
	22 - 24	1
	25	2
	26	4
	27	5
	28	6

Section	Q. Nos.	Marks per question
A	1 (i to x)	1
	2-8	1
	9-15	2
	16-18	4
	19	5
	20-21	6
B	22-24	1
	25	2
	26	4
	27	5
	28	6
	OR	
	22-24	1
	25	2
	26	4
	27	5
	28	6

(8) प्रश्न संख्या **20** व **21** (खण्ड–अ) तथा **28** (खण्ड–ब) में आन्तरिक विकल्प हैं ।

There are internal choices in Q. No. **20** and **21** (Section-A) and Q. No. **28** (Section-B).

खण्ड – अ

SECTION – A

1. बहुवैकल्पिक प्रश्न :

Multiple Choice Questions : $1 \times 10 = 10$

(i) साझेदारी संलेख के अभाव में साझेदार अधिकारी होंगे

(अ) लाभ में समान हिस्सा (ब) कमीशन

(स) वेतन (द) पूँजी एवं आहरण पर ब्याज

In the absence of Partnership deed, partners are entitled to :

(A) Equal share in profit (B) Commission

(C) Salary (D) Interest on Capital and Drawings 1

(ii) साझेदार का दायित्व होता है

(अ) सीमित (ब) असीमित

(स) साझेदारी अधिनियम द्वारा निर्धारित (द) न्यायालय द्वारा निर्धारित

Liability of Partner is

(A) Limited

(B) Unlimited

(C) Determined by Partnership Act

(D) Determined by Court

1

(iii) राकेश व अनूप 2 : 3 के अनुपात में साझेदार हैं। वे मिश्रा को फर्म में 1/4 लाभ के लिए प्रवेश देते हैं। वह राकेश से 4/20 भाग एवं अनूप से 1/20 भाग प्राप्त करता है। साझेदारों का नया लाभ विभाजन अनुपात होगा :

(अ) 4 : 11 : 5 (ब) 7 : 8 : 5

(स) 6 : 9 : 5 (द) 8 : 7 : 5

Rakesh and Anoop are partners in the ratio of 2 : 3. They admit Mishra in the firm for $1/4^{th}$ share of profits. He obtains $4/20^{th}$ part from Rakesh and $1/20^{th}$ part from Anoop. The new profit sharing ratio of partners will be :

(A) 4 : 11 : 5 (B) 7 : 8 : 5

(C) 6 : 9 : 5 (D) 8 : 7 : 5

 1

(iv) एक फर्म में विनियोजित पूंजी ₹ 2,50,000 है । सामान्य प्रत्याय की दर 10% है । फर्म का औसत लाभ ₹ 32,000 है (₹ 2,000 असामान्य हानि के पश्चात) । अधि लाभ के तीन गुने के बराबर ख्याति का मूल्य होगा :

(अ) ₹ 21,000 (ब) ₹ 90,000

(स) ₹ 27,000 (द) ₹ 1,02,000

Capital invested in a firm is ₹ 2,50,000. Normal rate of return is 10%. Average profits of the firm are ₹ 32,000 (after an abnormal loss of ₹ 2,000). Value of goodwill at three times the super profits will be :

(A) ₹ 21,000 (B) ₹ 90,000

(C) ₹ 27,000 (D) ₹ 1,02,000 1

(v) L, M तथा N 3 : 2 : 1 में साझेदार हैं । M फर्म से अवकाश ग्रहण करना चाहता है । इस तिथि को पुनर्मूल्यांकन का लाभ ₹ 72,000 था । L तथा N का नया अनुपात 7 : 3 है । पुर्नमूल्यांकन का लाभ बांटा जायेगा :

(अ) L ₹ 24,000, M ₹ 36,000, N ₹ 12,000

(ब) L ₹ 36,000, M ₹ 24,000, N ₹ 12,000

(स) L ₹ 54,000, N ₹ 18,000

(द) L ₹ 50,400, N ₹ 21,600

L, M and N are partners in 3 : 2 : 1. M wants to retire from the firm. The profit on revaluation on that date was ₹ 72,000. New ratio of L and N is 7 : 3. Profit on revaluation will be distributed as :

(A) L ₹ 24,000, M ₹ 36,000, N ₹ 12,000

(B) L ₹ 36,000, M ₹ 24,000, N ₹ 12,000

(C) L ₹ 54,000, N ₹ 18,000

(D) L ₹ 50,400, N ₹ 21,600 1

(vi) यदि ₹ 10 वाला अंश 20% प्रीमियम पर निर्गमित किया जाता है तो अंश का निर्गमन मूल्य होगा :

(अ) ₹ 8 (ब) ₹ 10

(स) ₹ 2 (द) ₹ 12

If a share of ₹ 10 is issued at 20% premium then issue price of share will be :

(A) ₹ 8 (B) ₹ 10

(C) ₹ 2 (D) ₹ 12 1

(vii) कम्पनी अपने पूर्ण प्रदत्त ऋणपत्रों पर ब्याज देती है, इनके :

(अ) अंकित मूल्य पर (ब) बाजार मूल्य पर

(स) निर्गमन मूल्य पर (द) क्रय मूल्य पर

Company pays interest on its fully paid debentures at their :

(A) On Face Price (B) On Market Price

(C) On Issued Price (D) On Purchase Price 1

(viii) साहसियों द्वारा अपने हिस्से की पूँजी संयुक्त बैंक खाते में जमा करवाने पर क्रेडिट (जमा) होगा :

(अ) सह–साहसियों का खाता (ब) संयुक्त बैंक खाता

(स) संयुक्त साहस खाता (द) लेनदार खाता

By co-ventures his share of capital deposited into Joint Bank A/c will be credited

(A) Co-Ventures A/c (B) Joint Bank A/c

(C) Joint Venture A/c (D) Creditors A/c 1

(ix) संयुक्त साहस खाता उदाहरण है :

(अ) वास्तविक खाता (ब) व्यक्तिगत खाता

(स) नाममात्र खाता (द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Joint Venture Account is an example of :

(A) Real A/c (B) Personal A/c

(C) Nominal A/c (D) None of the above 1

(x) बगडिया क्लब के 2000 सदस्यों से ₹ 100 प्रति सदस्य वार्षिक चन्दा चालू वर्ष के लिए प्राप्त हुआ । 40 सदस्यों ने गत वर्ष का बकाया चन्दा और 20 सदस्यों ने अगले वर्ष का अग्रिम चन्दा दिया । प्राप्ति एवं भुगतान खाते में दिखाई जाने वाली चन्दे की राशि होगी :

(अ) ₹ 1,98,000 (ब) ₹ 2,06,000

(स) ₹ 1,94,000 (द) ₹ 2,00,000

Bagaria Club annual subscription for current year was received from 2000 members at ₹ 100 per member. 40 members paid outstanding subscription of the last year and 20 members paid subscription in advance for the next year. In the receipt and payment account the amount of subscription shown will be :

(A) ₹ 1,98,000 (B) ₹ 2,06,000

(C) ₹ 1,94,000 (D) ₹ 2,00,000 **1**

प्रश्न संख्या **2** से **6** तक प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द / **एक** पंक्ति में दीजिए :

Answer the questions from **2** to **6** in **one** word / **one** sentence : **1 × 5 = 5**

2. फायदे के अनुपात की गणना का सूत्र लिखिए ।

Write a formula to calculate of gaining ratio. **1**

3. अवकाश ग्रहण करने वाले साझेदार को देय राशि का भुगतान करने की कोई दो विधियों के नाम लिखिए ।

Write any two name of methods of payment of amount due to retiring partner. **1**

4. अपरिवर्तनीय ऋणपत्रों से क्या आशय है ?

What is meant by non-convertible debentures ? **1**

5. कम्पनी की पूँजी के उस हिस्से का नाम लिखिए जिसे कम्पनी द्वारा केवल समापन के समय ही मंगाया जा सकता है ।

Write the name given to the 'Part of Capital' of a company which is called up only on winding up. **1**

6. संयुक्त साहस में लेखों के लिए कब पृथक से लेखा पुस्तकें रखना ठीक रहता है ?

When is it appropriate to keep separate books in joint venture ? 1

रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए : प्रश्न संख्या 7 व 8 $1 \times 2 = 2$

Fill in the blanks : Q. 7 & 8.

7. संयुक्त साहस में लाभ-हानि का विभाजन ______ होता है।

Distribution of Profit & Loss in joint venture is _____. 1

8. आय-व्यय खाता एक ______ खाता है।

Income and Expenditure Account is a _______ Account. 1

9. रितिका एवं योगिता क्रमशः ₹ 1,00,000 और ₹ 50,000 की पूँजी तथा ₹ 20,000 सामान्य संचय के साथ साझेदार हैं। उन्होंने फर्म के लाभों में 1/4 हिस्से के साथ सिम्पल को साझेदार के रूप में प्रवेश दिया। सिम्पल अपने हिस्से की पूँजी के रूप में ₹ 65,000 लाती है। फर्म की गुप्त ख्याति के मूल्य की गणना कीजिए।

Ritika and Yogita are partners with capital of ₹ 1,00,000 and ₹ 50,000 respectively and general reserve ₹ 20,000. They admitted Simple as a partner with 1/4th share of firm's profit, Simple brings ₹ 65,000 as his share of capital. Calculate the value of hidden goodwill of firm. 2

10. X, Y व Z एक फर्म में 2 : 2 : 1 के अनुपात में साझेदार हैं जिनकी पुस्तकें प्रतिवर्ष 31 मार्च को बंद होती हैं। Y की 01-10-2020 को मृत्यु हो गई और सहमति के अनुसार मृतक साझेदार का मृत्यु की तिथि तक लाभ का हिस्सा पिछले 5 वर्षों के औसत लाभ के आधार पर निकाला जायेगा। पिछले 5 वर्षों का लाभ/हानि है।

वर्ष –	31 मार्च 2016	31 मार्च 2017	31 मार्च 2018	31 मार्च 2019	31 मार्च 2020
लाभ / हानि –	₹ 80,000	₹ (50,000) हानि	₹ 70,000	₹ 1,10,000	₹ 90,000

Y की मृत्यु तक उसके लाभ के हिस्से की गणना कीजिए और जर्नल प्रविष्टि दीजिए।

X, Y and Z are partners in a firm in 2 : 2 : 1 ratio whose books are closed on March 31st each year. Y died on 01-10-2020 and according to the agreement, the share of profits of a deceased partner upto date of death is to be calculated on the basis the average profits for the last five years. The Profit/Loss for the last 5 years have been.

Year –	31 March 2016	31 March 2017	31 March 2018	31 March 2019	31 March 2020
Profit / Loss –	₹ 80,000	₹ (50,000) Loss	₹ 70,000	₹ 1,10,000	₹ 90,000

Calculate Y's share of the profits upto the date of death and pass necessary journal entry. **(1 + 1) = 2**

11. खाटूवाला लिमिटेड ने यश बैंक से ₹ 8,00,000 का ऋण लिया तथा समपार्श्विक प्रतिभूति के रूप में ₹ 12,00,000 के 7% ऋणपत्र बैंक के पास रखे । खाटूवाला लिमिटेड की पुस्तकों में ऋण व ऋणपत्रों के निर्गमन से सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टि दीजिए । यदि ऋणपत्रों के निर्गमन पर प्रविष्टि की जाती है ।

Khatuwala Limited took a loan of ₹ 8,00,000 from Yes Bank and put 7% Debentures of ₹ 12,00,000 to the bank as collateral security. Give journal entry regarding loan and issue of debentures in the books of Khatuwala Limited. If entry has passed for the issue of debentures. **(1 + 1) = 2**

12. संयुक्त साहस एवं साझेदारी में कोई चार अंतर लिखिए ।
Write any four differences between Joint Venture and Partnership. **2**

13. निम्नलिखित आय-व्यय खाते तथा अन्य सूचनाओं से लक्ष्मणगढ़ क्लब का प्राप्ति एवं भुगतान खाता बनाइये ।

Dr. **आय-व्यय खाता (31-3-2020)** **Cr.**

व्यय	राशि ₹	आय	राशि ₹
वेतन	8,000	किराया (1 माह का बकाया)	4,800
विज्ञापन व्यय	10,400	चन्दा	23,000
मुद्रण एवं स्टेशनरी	6,000	दान	12,000
पुस्तकों पर मूल्यह्रास	4,000		
बचत	11,400		
	39,800		**39,800**

1 अप्रैल 2019 को रोकड़ शेष ₹ 44,000 था । 31 मार्च 2020 को अनुपार्जित चन्दा ₹ 3,000 तथा पूर्वदत्त वेतन ₹ 2,000 है ।

Prepare Receipts and Payments Account of Laxmangarh Club from the following Income and Expenditure Account and other informations.

Dr. **Income and Expenditure A/c (31-3-2020)** **Cr.**

Expenditure	Amount ₹	Income	Amount ₹
To Salary	8,000	By Rent (Accrued for 1 month)	4,800
To Advertisement Exp.	10,400	By Subscription	23,000
To Printing & Stationery	6,000	By Donation	12,000
To Depreciation on Books	4,000		
To Surplus	11,400		
	39,800		**39,800**

Cash balance on 1st April 2019 was ₹ 44,000. On 31st March 2020 unearned subscription is ₹ 3,000 and prepaid salary is ₹ 2,000. 2

14. निम्नलिखित मदों को आय-व्यय खाते एवं चिट्ठे में लिखिए।

भवन कोष	₹ 2,00,000
खेल कोष	₹ 1,60,000
भवन पर व्यय	₹ 1,60,000
खेल पर व्यय	₹ 1,70,000

Write the following items in Income and Expenditure Account and in Balance Sheet.

Building Funds	₹ 2,00,000
Sports Funds	₹ 1,60,000
Expenses on Building	₹ 1,60,000
Expenses on Sports	₹ 1,70,000

2

15. गायत्री क्लब की निम्नलिखित सूचनाओं से वर्ष 2019-2020 के लिए चन्दे से आय दिखाते हुए विवरण तैयार कीजिए । चालू वर्ष में प्राप्त चन्दा ₹ 75,000, गत वर्ष के अन्त में उपार्जित चन्दा ₹ 6,000, चालू वर्ष के अन्त में उपार्जित चन्दा ₹ 7,500, गत वर्ष में चालू वर्ष के लिए प्राप्त चन्दा ₹ 4,500, चालू वर्ष में अगले वर्ष का प्राप्त चन्दा ₹ 3,000 ।

From the following informations of Gayatri Club, prepare statement showing income from subscription for the year 2019-2020.

Subscriptions received during the current year ₹ 75,000, subscription accrued at the end of the last year ₹ 6,000, subscription accrued at the end of the current year ₹ 7,500, subscription received in last year for the current year ₹ 4,500, subscription received in current year for the next year ₹ 3,000. **2**

16. गणेश तथा पुजारी 2 : 1 के अनुपात में एक फर्म में साझेदार हैं । उन्होंने विपिन को ¼ हिस्से के लिए साझेदार बनाया तथा ₹ 80,000 न्यूनतम लाभ की गारण्टी दी गई । उन्होंने तय किया कि गणेश तथा पुजारी के लाभ विभाजन अनुपात में कोई परिवर्तन नहीं होगा । फर्म ने वर्ष 2019-2020 में ₹ 2,80,000 का लाभ कमाया । गारण्टी केवल गणेश द्वारा दी गई है । लाभ हानि नियोजन खाता बनाइए तथा सभी साझेदारों का नया अनुपात ज्ञात कीजिए ।

Ganesh and Pujari are partners in a firm in the ratio of 2 : 1. They decided to admit Vipin with ¼th share in profits with a guaranteed amount of ₹ 80,000. They decided that the profit sharing ratio between Ganesh and Pujari will not change. The firm earned profits of ₹ 2,80,000 for the year 2019-2020. Guarantee is provided only by Ganesh. Prepare Profit and Loss Appropriation Account and find out new ratio of all partners. **4**

17. लवी 01-04-2018 को अवकाश ग्रहण करता है । उसके समायोजित पूँजी खाते का क्रेडिट शेष ₹ 1,50,000 था, जिसका भुगतान दो समान वार्षिक किस्तों में करना है, इस पर 10% वार्षिक दर से ब्याज देना भी तय है । लवी का ऋण खाता बनाइये ।

Lavi retires on 01-04-2018. His adjusted Capital Account shows a credit balance of ₹ 1,50,000 and is to be paid in two equal annual instalments along with interest @ 10% P.A. Prepare Lavi's Loan Account. **4**

18. प्राप्ति-भुगतान खाता एवं आय-व्यय खाते में कोई चार अंतर लिखिए।

Write any four differences between Receipts & Payments account and Income & Expenditure account. 4

19. यतेन्द्र एवं सुनील जो अलग-अलग भवन निर्माण के ठेके का कार्य करते हैं, एक नव निर्मित संयुक्त पूँजी वाली कम्पनी का भवन निर्माण संयुक्त रूप से ₹ 2,00,000 ठेका मूल्य पर लेते हैं जो ₹ 1,60,000 नकद किस्तों में और ₹ 40,000 कम्पनी के पूर्ण चुकता अंशों में देय होगा। उन्होंने बैंक आफ बड़ौदा में संयुक्त बैंक खाता खोला तथा सभी नकद व्यवहार बैंक द्वारा किये गये। यतेन्द्र ने ₹ 50,000 तथा सुनील ने ₹ 30,000 बैंक में जमा कराये। लाभ हानि क्रमशः 3 : 2 अनुपात में बाँटते हैं। संयुक्त साहस के लेनदेन निम्न प्रकार थे – मजदूरी चुकाई ₹ 50,000, सामग्री की खरीद ₹ 60,000, विविध व्यय चुकाये ₹ 24,000, यतेन्द्र ने अपने स्टॉक से सामग्री दी ₹ 8,000, सुनील ने अपने स्टॉक से सामग्री दी ₹ 5,000।

ठेका कार्य पूरा हो गया और ठेके की राशि प्राप्त हो गई। संयुक्त साहस समाप्त कर दिया गया। यतेन्द्र ने संयुक्त पूँजी वाली कम्पनी के सभी अंश ₹ 36,000 में ले लिए तथा सुनील ने ठेके पर बची हुई सामग्री को ₹ 6,000 में ले लिया। संयुक्त साहस खाता बनाइये।

Yatendra and Sunil doing business separately as building contractors undertake jointly to construct a building for newly started joint stock company for a contract price of ₹ 2,00,000 payable ₹ 1,60,000 by instalments in cash and ₹ 40,000 in fully paid shares of the company. A Joint Bank account is opened in Bank of Baroda and all cash transactions are recorded through the bank. Yatendra and Sunil deposited ₹ 50,000 and ₹ 30,000 in the bank respectively. They share profit or loss in the proportion of 3 : 2 respectively. The transactions of joint venture were as follows – Wages Paid ₹ 50,000, Purchases of material ₹ 60,000, Sundry Expenses Paid ₹ 24,000, Yatendra gave material from his stock ₹ 8,000, Sunil gave material from his stock ₹ 5,000.

The contract was completed and the contract price was duly received. The Joint Venture was terminated. Yatendra took all the share of joint stock company at price of ₹ 36,000 and Sunil took the remaining stock of material of ₹ 6,000. Prepare Joint Venture Account. 5

20. स्वाति एवं रिनी एक फर्म में समान अनुपात में साझेदार हैं । 31 मार्च 2020 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार है :

आर्थिक चिट्ठा (31 मार्च 2020 का)

दायित्व		राशि ₹	सम्पत्ति	राशि ₹
बैंक ऋण		36,000	रोकड़	30,000
लेनदार		64,400	विनियोग	50,000
पूँजी खाता			देनदार	1,60,000
स्वाति	1,70,000		स्टॉक	1,00,000
रिनी	1,10,000	2,80,000	फर्नीचर	40,000
		3,80,000		**3,80,000**

उन्होंने 1 अप्रैल 2020 को आदित्य को निम्न शर्तों पर साझेदार बनाया :

(i) फर्नीचर का मूल्य 20% से कम किया जाये ।

(ii) विनियोगों का मूल्य ₹ 10,000/- से बढ़ाया जाये ।

(iii) देनदारों पर 10% की दर से डूबत ऋण आयोजन बनाया जाये ।

(iv) स्टाक का मूल्य 15% से बढ़ाया जाये ।

(v) आदित्य ₹ 1,40,000 पूँजी तथा ₹ 20,000 ख्याति के नकद लायेगा तथा उसे लाभों में 1/3 हिस्सा दिया जायेगा । पुराने साझेदारों की पूँजी उसी के आधार पर समायोजित की जायेगी नकद लाकर अथवा निकालकर ।

पुर्नमूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते तथा नई फर्म का चिट्ठा बनाइये ।

Swati and Rini are partners in a firm in equal ratio. Their Balance Sheet as on 31st March 2020 is as follows :

Balance Sheet as on 31st March 2020

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Bank Loan		36,000	Cash	30,000
Creditors		64,000	Investment	50,000
Capital A/c			Debtors	1,60,000
Swati	1,70,000		Stock	1,00,000
Rini	1,10,000	2,80,000	Furniture	40,000
		3,80,000		**3,80,000**

On 1st April 2020 they admit Aditya into Partnership on the following terms :

(i) Decrease the value of furniture by 20%.

(ii) Increase the value of Investment by ₹ 10,000/-

(iii) Create Provision for bad debts at 10% on debtors.

(iv) The value of stock to be increased by 15% .

(v) Aditya shall bring ₹ 1,40,000 as capital and ₹ 20,000 for goodwill in cash and his share in Profit will be 1/3rd. The capital of old partners are also to be adjusted accordingly, brings or withdrawals in cash.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Account and Balance Sheet of the new firm. 6

अथवा/OR

एक फर्म में प्रवीण, प्रभाष एवं पूजा समान साझेदार थे । 31 मार्च 2020 को उनका चिट्ठा निम्न प्रकार था :

आर्थिक चिट्ठा (31 मार्च 2020 का)

दायित्व		राशि ₹	सम्पत्ति	राशि ₹
लेनदार		72,000	रोकड़	30,000
लाभ–हानि		36,000	देनदार	30,000
पूँजी खाता			स्टॉक	60,000
प्रवीण	60,000		भवन	1,20,000
प्रभाष	40,000			
पूजा	32,000	1,32,000		
		2,40,000		**2,40,000**

1 अप्रैल 2020 को प्रवीण फर्म से निम्न शर्तों पर अवकाश ग्रहण करता है :

(i) फर्म की ख्याति का मूल्य ₹ 60,000 आंका गया ।

(ii) देनदारों पर 10% संदिग्ध ऋण आयोजन बनाया जाये ।

(iii) स्टॉक का मूल्य 5% से कम किया जाये ।

(iv) भवन का मूल्य 25% से बढ़ाया जाये ।

(v) प्रवीण को देय धनराशि उसके ऋण खाते में स्थानान्तरित की जाये ।

पुर्नमूल्यांकन खाता, साझेदारों के पूँजी खाते व नई फर्म का चिट्ठा तैयार कीजिए ।

Pravin, Prabhash and Pooja were equal partners in a firm. As on 31st March 2020 their Balance Sheet was as follows :

Balance Sheet as on 31st March 2020

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Creditors		72,000	Cash	30,000
Profit & Loss		36,000	Debtors	30,000
Capital A/c			Stock	60,000
Pravin	60,000		Buildings	1,20,000
Prabhash	40,000			
Pooja	32,000	1,32,000		
		2,40,000		**2,40,000**

On 1st April 2020, Pravin retires from the firm on the following terms :

(i) Goodwill of the firm to be valued at ₹ 60,000.

(ii) 10% Provision for doubtful debts is to be made on debtors.

(iii) The value of stock to be decreased by 5%.

(iv) The value of buildings to be increased by 25%.

(v) Amount payable to Pravin should be transferred to his loan account.

Prepare Revaluation Account, Partners' Capital Account and Balance Sheet of the new firm. 6

21. भरतिया लिमिटेड की पूँजी ₹ 10 वाले 4,00,000 समता अंशों में विभाजित थी । कम्पनी ने ₹ 10 वाले 1,00,000 समता अंश ₹ 2 प्रति अंश प्रीमियम पर निर्गमित किये, अंशों पर भुगतान प्रति अंश इस प्रकार देय था – आवेदन पर ₹ 4 (प्रीमियम सहित), आवंटन पर ₹ 3, प्रथम मांग पर ₹ 3, शेष राशिं आवश्यकता पड़ने पर । 80,000 अंशों के लिए आवेदन पत्र प्राप्त हुए । सभी आवेदकों को आवंटन किया गया । आयुषी के पास 2000 अंश थे, उसने प्रथम मांग के साथ सम्पूर्ण राशि चुका दी । दिव्यम जिसके पास 1000 अंश थे प्रथम मांग का भुगतान करने में असमर्थ रहा ।

भरतिया लिमिटेड की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए ।

The Capital of Bharatia Limited was divided into 4,00,000 equity shares of ₹ 10 each. The company issued 1,00,000 equity shares of ₹ 10 each at a premium of ₹ 2 per share, payable per share as follows : On Application ₹ 4 (including premium), on Allotment ₹ 3, on first call ₹ 3 and balance as and when required. Applications were received for 80,000 shares. Allotment was made to the all applicants. Ayushi holds 2000 shares has paid all the amount along with first call. Divyam holds 1000 shares failed to pay first call.

Give journal entries in the books of Bharatia Limited. 6

अथवा/OR

मुकेश लिमिटेड ने ₹ 100 वाले 10,000 9% ऋणपत्र 10% बट्टे पर निर्गमित किये, जिन पर राशि इस प्रकार देय थी : आवेदन पर ₹ 30, बंटन पर ₹ 40 तथा शेष राशि प्रथम एवं अंतिम मांग पर देय है । समस्त ऋणपत्रों के लिए आवेदन प्राप्त हुए तथा बंटन किया गया । समस्त राशियाँ समय पर प्राप्त हो गई, सिवाय 400 ऋणपत्रों के एक धारक के, जिसने बंटन तथा प्रथम व अंतिम मांग का भुगतान नहीं किया ।

मुकेश लिमिटेड की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ दीजिए ।

Mukesh Limited issued 10,000 9% debentures of ₹ 100 each at a discount of 10% on which amount was payable as follows : on Application ₹ 30, on Allotment ₹ 40 and balance amount due on first and final call. Applications were received for whole of the debentures and were alloted. All the amount was received in time except one debenture holder who hold 400 debentures did not pay allotment and the first and final call.

Give necessary journal entries in the books of Mukesh Limited. 6

खण्ड – ब

SECTION – B

22. कम्पनी अधिनियम, 2013 के अनुसार वित्तीय विवरणों के एक पूरे सेट में क्या-क्या शामिल किये जाते हैं ? केवल कोई दो नाम लिखिए ।

As per Companies Act, 2013 what are included in a full set of financial statements ? Write any two names only. 1

23. लाभांश भुगतान अनुपात का सूत्र लिखिए ।

Write a formula of dividend pay-out ratio. 1

रिक्त स्थान की पूर्ति करें :

Fill in the blanks :

24. एक कम्पनी का आदर्श चालू अनुपात ______ होता है ।

The Ideal current ratio of a Company is _______. 1

25. निम्नलिखित सूचनाओं से समानाकार लाभ हानि खाता तैयार कीजिए ।

विवरण	टिप्पणी सं.	राशि 31 मार्च 2019 ₹	राशि 31 मार्च 2020 ₹
परिचालन से आय		5,00,000	6,00,000
अन्य व्यय		2,40,000	3,60,000
कर की दर		30%	30%

From the following informations prepare common size statement of Profit & Loss.

Particulars	Note No.	Amount 31 March 2019 ₹	Amount 31 March 2020 ₹
Revenue from operations		5,00,000	6,00,000
Other Expenses		2,40,000	3,60,000
Rate of Tax		30%	30%

2

26. निम्न परिस्थिति में चालू एवं त्वरित अनुपात की गणना कीजिए । लेनदार ₹ 25,000, स्टॉक ₹ 2,50,000, चालू दायित्व ₹ 2,50,000, कार्यशील पूँजी ₹ 7,50,000.

Calculate Current and Liquid Ratio in following cases. Creditors ₹ 25,000, Stock ₹ 2,50,000, Current Liabilities ₹ 2,50,000, Working Capital ₹ 7,50,000. 4

27. निम्नलिखित चिट्ठों से बजाज लिमिटेड का तुलनात्मक चिट्ठा तैयार कीजिए।

आर्थिक चिट्ठा 31 मार्च 2021 व 31 मार्च 2020

विवरण	टिप्पणी सं.	राशि 31 मार्च 2021 ₹	राशि 31 मार्च 2020 ₹
I समता एवं दायित्व			
1. अंशधारियों का कोष			
(a) अंश पूँजी			
(i) समता अंश पूँजी		8,00,000	6,00,000
(ii) अधिमान अंश पूँजी		6,00,000	4,00,000
2. गैर चालू दायित्व			
दीर्घकालीन ऋण		4,00,000	1,00,000
3. चालू दायित्व			
व्यापारिक देयतायें		2,00,000	1,50,000
योग		20,00,000	12,50,000
II. सम्पत्तियाँ			
1. गैर चालू सम्पत्तियाँ			
(a) स्थायी सम्पत्तियाँ		10,80,000	7,20,000
(b) गैर चालू विनियोग		80,000	50,000
2. चालू सम्पत्तियाँ			
(a) व्यापारिक प्राप्यतायें		8,00,000	4,00,000
(b) नकद एवं नकद तुल्य		40,000	80,000
योग		20,00,000	12,50,000

From the following Balance Sheet, prepare Comparative Balance Sheet of Bajaj Limited.

Balance Sheet as on 31st March 2021 and 31st March 2020.

Particulars	Note No.	Amount 31 March 2021 ₹	Amount 31 March 2020 ₹
I Equity and Liabilities			
1. Shareholders funds			
(a) Share Capital			
(i) Equity Share Capital		8,00,000	6,00,000
(ii) Preference Share Capital		6,00,000	4,00,000
2. Non Current Liabilities			
Long-term Borrowings		4,00,000	1,00,000
3. Current Liabilities			
Trade Payables		2,00,000	1,50,000
Total		20,00,000	12,50,000
II. Assets			
1. Non Current Assets			
(a) Fixed Assets		10,80,000	7,20,000
(b) Non Current Investments		80,000	50,000
2. Current Assets			
(a) Trade Receivables		8,00,000	4,00,000
(b) Cash and Cash Equivalents		40,000	80,000
Total		20,00,000	12,50,000

5

28. निम्न सूचनायें दी गई हैं :

	राशि ₹
समता अंश पूँजी	8,40,000
लाभ हानि (जमा)	3,60,000
10% ऋणपत्र	4,00,000
चालू दायित्व	5,60,000
गैर चालू सम्पत्तियाँ	9,60,000
चालू सम्पत्तियाँ	12,00,000
ब्याज एवं कर पश्चात शुद्ध लाभ	1,26,000
आयकर की दर	50%

निम्न अनुपातों की गणना कीजिए :

(i) ऋण समता अनुपात

(ii) स्वामित्व अनुपात

(iii) ब्याज व्याप्ति अनुपात

Following are the informations given below :

	Amount ₹
Equity Share Capital	8,40,000
Profit & Loss (Credit)	3,60,000
10% Debentures	4,00,000
Current Liabilities	5,60,000
Non Current Assets	9,60,000
Current Assets 12,00,000	
Net Profit after Interest and Tax	1,26,000
Rate of Income-tax	50%

Calculate the following ratios :

(i) Debt Equity Ratio

(ii) Proprietory Ratio

(iii) Interest Coverage Ratio 6

अथवा/OR

निम्न अनुपातों को सूत्र की सहायता से स्पष्ट कीजिए ।

(i) त्वरित अनुपात

(ii) परिचालन लाभ अनुपात

(iii) प्रति अंश अर्जन

Explain the following ratios with the help of formula.

(i) Liquid Ratio

(ii) Operating Profit Ratio

(iii) Earning Per Share 6

अथवा / OR

खण्ड – ब

SECTION – B

22. फंक्शन का अर्थ लिखिए ।

Write the meaning of functions. 1

23. पूँजी एवं ऋण पर साधारण ब्याज की गणना के लिए सूत्र लिखिए ।

Write a formula for calculate of simple interest on capital and loan. 1

24. ऋण की किस्त में सम्मिलित ब्याज की गणना करने के लिए कौन सा फंक्शन काम में लिया जायेगा ।

Which function will be used to calculate interest included in instalment of loan ? 1

25. डिजिटल कम्प्यूटर को समझाइये ।

Explain Digital Computer. 2

26. वर्क बुक और स्प्रेडशीट की एलाइनमेंट ग्रुप संकल्पना को समझाइये ।

Explain Alignment group structure of work book and spread sheet. 4

27. कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की कोई पाँच सीमाओं का वर्णन कीजिए ।

Describe any five limitations of Computerized accounting system. 5

28. निम्न पर टिप्पणी लिखिए :

(i) आय की गणना

(ii) लाभ-हानि खाते को बनाना

(iii) चिट्ठा बनाना ।

Write notes on following :

(i) Calculation of Income.

(ii) Preparation of Profit Loss Account

(iii) Preparation of Balance Sheet 6

अथवा/OR

निम्न फंक्शन को उदाहरण की सहायता से स्पष्ट कीजिए :

(i) PMT

(ii) SLN

(iii) DB

Explain the following function with help of examples :

(i) PMT

(ii) SLN

(iii) DB 6